एक नजर में

ब्रह्म बल के लिए सूर्य नमस्कार आवश्यक

बैतूल। स्वामी विवेकानंद जी की 163वीं जयंती एवं राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय सूर्य नमस्कार कार्यक्रम का आयोजन जेएच कॉलेज परिसर में किया गया। इस अवसर पर केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्री दुर्गादास उईके, जिला विकास सलाहकार समिति सदस्य सुधाकर पवार, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अक्षत जैन, अपर कलेक्टर श्रीमती वंदना जाट, जिला शिक्षा अधिकारी अनिल कुशवाह, एसडीएम डॉ. अभिजीत सिंह तथा स्वामी स्वाम्यानंद महाराज, श्री मदान सहित अनेक जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, युवा और बड़ी संख्या में स्कूली विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन श्रीमती कृष्णा हजारे द्वारा किया गया। इस अवसर पर भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सजीव प्रसारण भी किया गया, जिसमें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रेरक उद्बोधन का श्रवण उपस्थित जनों ने किया। सभी प्रतिभागियों ने अनुशासित रूप से सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम के तीन-तीन चक्रों का अभ्यास किया। केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्री दुर्गादास उईके ने अपने संबोधन में कहा कि स्वामी विवेकानंद जी ने विषम परिस्थितियों में भी भारत की गौरवशाली संस्कृति और दर्शन को विश्व पटल पर प्रतिष्ठित किया। उन्होंने कहा था कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का वास होता है। शारीरिक और मानसिक रूप से सशक्त व्यक्ति ही जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में प्रगति कर सकता है। स्वामी विवेकानंद जी का व्यक्तित्व और कृतित्व आज भी युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है। केंद्रीय मंत्री श्री उईके ने कहा कि भारत विश्व का सबसे युवा राष्ट्र है और युवाओं के कंधों पर देश के भविष्य की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। उन्होंने स्वामी विवेकानंद जी के गुण तप, त्याग और भक्ति को जीवन का आधार बताते हुए कहा कि मजबूत शरीर और चरित्र वाला व्यक्ति ही राष्ट्र को सही दिशा दे सकता है। उन्होंने शरीरबल, मनोबल, आत्मबल और ब्रह्मबल की व्याख्या करते हुए कहा कि इन चारों बलों के विकास के लिए सूर्य नमस्कार अत्यंत आवश्यक है। युवाओं को भयमुक्त होकर शरीर को मजबूत और चरित्र को सुदृढ़ बनाना चाहिए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महाविद्यालय और स्कूलों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

भार्गव सभा की बैठक में दी गई जानकारी

बैतूल। भार्गव सभा बैतूल की मासिक बैठक रविवार को समाज के वरिष्ठ सदस्य चेतन भार्गव द्वारा गंज क्षेत्र में स्थित एबी रेस्टारेंट में रखी गई। बैठक में अखिल भारतीय भार्गव सभा से बैतूल भार्गव सभा को भेजे गए निर्देशों और प्रपत्रों के संबंध में समाज के जिला अध्यक्ष दीपक भार्गव ने विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अखिल भारतीय सभा द्वारा अब तकनीकी शिक्षा (उच्च शिक्षा) के लिए समाज के योग्य बच्चों को आर्थिक मदद की जाएगी। भार्गव सभा बैतूल की मासिक बैठक रविवार को संपन्न हुई। बैठक में सभी सदस्यों ने एक-दूसरे को नववर्ष की शुभकामनाएं भी दी। इस अवसर पर समाज के अध्यक्ष दीपक भार्गव ने बताया कि अखिल भारतीय भार्गव सभा के माध्यम से 3 फार्मेट भेजे गए हैं, जिसमें समाज कल्याण समिति, शिक्षा समिति एवं एजुकेशन लोन स्कीम के फार्म शामिल हैं।

प्रमुख मार्गों पर सड़क सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएं

नवभारत न्यूज

बैतूल, 12 जनवरी. कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने निर्देश दिए है कि जिले में नेशनल हाइवे सहित सभी प्रमुख सड़क मार्गों पर सड़क सुरक्षा के सभी आवश्यक उपाय प्राथमिकता से सुनिश्चित किए जाएं।

नेशनल हाइवे के आसपास अतिक्रमण न हो

अतिक्रमण चिन्हित कर हटवायें

उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्गों के आसपास किसी भी प्रकार के अतिक्रमण को चिन्हित कर हटाने के निर्देश दिए। सोमवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित समय-सीमा बैठक में सड़क सुरक्षा की समीक्षा करते हुए उन्होंने हाल ही में बरेठा घाट पर हुई सड़क दुर्घटना को गंभीर बताते हुए कहा कि ऐसे सभी संवेदनशील स्थलों पर सुरक्षा संकेतक एवं अन्य आवश्यक सुधार कार्य शीघ्र कराए जाएं। इसी प्रकार नेशनल हाइवे से गांवों को जोड़ने वाली एप्रोच रोड पर भी स्पीड ब्रेकर सहित अन्य सुरक्षा के उपाय किए जाएं। ट्रैफिक पुलिस द्वारा चिन्हित दुर्घटना संभावित स्थलों पर संबंधित सड़क निर्माण विभाग द्वारा जरूरी सुधार किए जाएंगे। कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने यह भी निर्देशित किया कि जिन क्षेत्रों में एम्बुलेंस, फायर ब्रिगेड एवं अन्य आपातकालीन सेवाओं के आवागमन में बाधा आती है, वहां पुलिस, राजस्व और नगरपालिका द्वारा संयुक्त निरीक्षण कर जोनल प्लान तैयार किया जाए तथा जीआईएस मैपिंग भी की जाए। इसके आधार पर सड़कों पर मौजूद अतिक्रमण, बिजली के खंभे, तार, नालियां, भवन आदि को प्राथमिकता से हटाने की कार्रवाई की जाएगी। प्रोजेक्ट डायरेक्टर नेशनल हाइवे मनीष मीणा वीसी के जरिए बैठक में उपस्थित रहें।

आवेदनों का समय सीमा में करे निराकरण

बैठक में कलेक्टर ने 12 जनवरी से प्रारंभ संकल्प से समाधान अभियान की विभागवार समीक्षा करते हुए शिविरों के प्रभावी आयोजन और प्राप्त आवेदनों के समयबद्ध निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने वन अधिकार अधिनियम से संबंधित लंबित एवं नवीन प्रकरणों की जनपदवार समीक्षा कर सभी एसडीएम, एसडीओ (वन) एवं जनपद सीईओ को वन ग्राम समितियों और उपखंड स्तरीय समितियों की बैठक कर शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए तथा लापरवाही पर कठोर कार्रवाई की चेतावनी दी।

राजस्व प्रकरणों और राजस्व वसूली की समीक्षा

कलेक्टर ने राजस्व प्रकरणों और राजस्व वसूली की तहसीलवार समीक्षा कर असंतोष व्यक्त करते हुए वसूली में तेजी लाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री सीखो-कमाओ योजना की समीक्षा के दौरान जल संसाधन, लोक निर्माण विभाग और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को पंजीयन में प्रगति लाने को कहा गया। कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों की भी संतुष्टिपूर्वक निराकरण किए जाने के निर्देश सभी विभागों को दिए। बैठक में उप संचालक कृषि श्री आनंद कुमार बड़ोनिया ने कृषि वर्ष 2026 के लिए शासन से प्राप्त दिशा-निर्देशों की जानकारी दी। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अक्षत जैन, अपर कलेक्टर श्रीमती वंदना जाट सहित सभी जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

पुलिस ने 73 वारंटियों को किया गिरफ्तार

बैतूल। पुलिस अधीक्षक वीरेंद्र जैन के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती कमला जोशी के मार्गदर्शन में जिले में अपराध नियंत्रण एवं वारंट तामील सुनिश्चित करने के लिए पुलिस द्वार विशेष कांबिंग गश्त अभियान चलाया गया। जिसमें 11 जनवरी की दरमियानी रात जिले के समस्त थाना क्षेत्रों में पुलिस बल द्वारा सघन गश्त की गई। अभियान में सभी अनुविभागीय अधिकारी एवं थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ सक्रिय रूप से शामिल रहे। अभियान के दौरान स्थायी, फरार एवं गिरफ्तारी वारंटियों की धरपकड़ के साथ-साथ गुंडा एवं निगरानी बदमाशों की गहन चेकिंग की गई तथा संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी गई। इस दौरान लंबे समय से फरार 39 स्थायी वारंटी एवं 34 गिरफ्तारी वारंटी सहित कुल 73 वारंटी गिरफ्तार किये गये।

मकान में लगी आग, हजारों का सामान जलकर हुआ राख

बैतूल। टिकरी क्षेत्र अंबेडकर वार्ड में सोमवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक मकान में अचानक आग लग गई।

घटना के समय घर में कोई मौजूद नहीं था

दमकल ने समय रहते आग पर पा लिया काबू

आग लगते ही आसपास के क्षेत्रवासियों ने धुआं उठता देखा और तत्काल फायर ब्रिगेड को इसकी सूचना दी। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम कुछ ही देर में मौके पर पहुंच गई और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। जानकारी के अनुसार, यह मकान रामनाथ कनोजिया का है। घटना के समय मकान मालिक बाहर गए हुए थे, जिससे मकान पूरी तरह खाली था। प्रारंभिक तौर पर आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। आग की चपेट में आने से मकान में रखा घरेलू सामान और विद्युत उपकरण जलकर राख हो गए, जिससे लगभग 15 से 20 हजार रुपये के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि यदि समय रहते आग पर काबू नहीं पाया जाता, तो आग आसपास के मकानों तक फैल सकती थी और एक बड़ी दुर्घटना हो सकती थी। गनीमत यह रही कि फायर ब्रिगेड समय पर पहुंच गई और आग को फैलने से पहले ही बुझा दिया गया। घटना की सूचना मिलने के बाद संबंधित विभाग भी मौके पर पहुंचा और स्थिति का जायजा लिया। फिलहाल आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे अपने घरों में बिजली के उपकरणों और वायरिंग की नियमित जांच कराएं, ताकि इस तरह की घटनाओं से बचा जा सके।

देवगांव में आगजनी से किसान की फसल खाक

आमला। ग्राम देवगांव में आग लगने से एक किसान की गन्ने की फसल जलकर खाक हो गई। जानकारी के अनुसार किसान सुनील गगारे के गन्ने के खेत में आग लगने की सूचना मिलते ही गांव में हड़कंप मच गया। आग की खबर फैलते ही ग्रामीण और युवा मौके पर पहुंचे और साहस दिखाते हुए आग बुझाने में जुट गए। युवकों की तत्परता से आग पर काफी हद तक काबू पा लिया गया, लेकिन तब तक लगभग साढ़े तीन एकड़ की गन्ने की बाड़ी आग की चपेट में आ चुकी थी। ग्रामीणों की मेहनत से आग को आसपास के खेतों तक फैलने से रोक लिया गया, जिससे

बड़ा हादसा टल गया। बताया जा रहा है कि इस आगजनी की घटना में किसान को करीब 4 लाख रुपये की फसल का नुकसान हुआ है।सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड भी मौके के लिए रवाना हुई, लेकिन उसके पहुंचने से पहले ही ग्रामीणों द्वारा आग पर नियंत्रण कर लिया गया था। वहीं राजस्व अमला मौके पर पहुंचा और पंचनामा बनाकर नुकसान का आकलन किया।घटना को लेकर पीड़ित किसान ने आमला थाना पहुंचकर एफआईआर दर्ज कराई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आग लगने के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

युवा दिवस पर पीएमश्री कन्या शाला में सामूहिक सूर्य नमस्कार

मुलताई। स्वामी विवेकानंद जी की जंयती राष्ट्रीय युवा दिवस पर सोमवार को नगर के पीएमश्री कन्या शाला में सूर्य नमस्कार एवं योग का आयोजन किया गया । कार्यक्रम में नगरपालिका अध्यक्ष वर्षा गढेकर, एसडीएम राजीव कहार, तहसीलदार डॉ संजय बरैया, नायबतहसीलदार, बीईओ, बीआरसी, गायत्री परिवार के सदस्य एवं ब्रम्हकुमारीज बहने तथा नगर मंडल अध्यक्ष गणेश साहू सहित छात्राओं द्वारा सामुहिक रूप से सूर्य नमस्कार एवं योग किया गया । इस दौरान प्रोजेक्टर पर लाइव प्रसारण द्वारा योग संपन्न कराया गया। कार्यक्रम में मंच संचालन खेल शिक्षक रश्मि बाथरे, संजीव बरोदे एवं राजेश जैन ने किया। जिसमें राज्य स्तरीय योग प्रतिभा छात्राओं द्वारा आर्टिस्टिक योगा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में संस्था प्राचार्य प्रमोद नरवरे ने आभार व्यक्त किया । इस दौरान स्कुल से स्वदेशी संकल्प यात्रा निकाली गई। जो कन्या शाला से ताप्ती मंदिर पहुची जिसमें शामिल जनप्रतिनिधियों एवं विधार्थियों ने दौड लगाते हुए स्वदेशी अपनाओं का संदेश दिया। स्वदेशी संकल्प दौड में शिक्षिका गीता गायकवाड, शिक्षक आरके नानोटे द्वारा छात्राओं के बीच यात्रा में अनुशासन बनाए रखा।

चाकूबाजी के 2 आरोपियों को किया गिरफ्तार

बैतूल। कोतवाली पुलिस ने चाकूबाजी की घटना में संलिप्त दो सगे भाइयों को गिरफ्तार किया है। फरियादी मनोज वाडिवा पिता जंगी वाडिवा (27) निवासी जयप्रकाश वार्ड सदर बैतूल ने 11 जनवरी को कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि रात्रि लगभग 7.45 बजे वह अपने पड़ोसी बबलू उर्फ शाहरुख खान के साथ सदर मटन मार्केट स्थित इमरान की चिकन दुकान पर गया था। चिकन लेने के दौरान पुरानी रंजिश को लेकर आरोपी इमरान एवं इरफान (दोनों सगे भाई) द्वारा बबलू उर्फ शाहरुख खान के साथ गाली-गलौज एवं विवाद किया गया। विरोध करने पर आरोपी इरफान

द्वारा नाक पर घूंसा मारकर चोट पहुंचाई गई। इसके पश्चात आरोपी इमरान द्वारा दुकान से चिकन काटने का धारदार छुरा उठाकर पेट में वार किया गया, जिससे बबलू उर्फ शाहरुख खान को गंभीर चोट आई। बीच-बचाव करने पर फरियादी मनोज वाडिवा के दाहिने हाथ की उंगली में भी चाकू लगने से चोट आई। घायल को परिजनों द्वारा जिला चिकित्सालय बैतूल में भर्ती कराया गया है, जहाँ उसका उपचार जारी है। रिपोर्ट पर थाना कोतवाली में धारा 296(बी), 109(1), 3(5) बीएनएस के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की विवेचना के दौरान शेख इमरान पिता शेख जाविर (34) और शेख इरफान पिता शेख जाविर (25) निवासी जाकिर हुसैन वार्ड गर्ग कॉलोनी गंज, बैतूल को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। उनके कब्जे से एक लोहे का धारदार छुरा जप्त किया गया।

कलश यात्रा के साथ कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का शुभारंभ

मुलताई। क्षेत्र के ग्राम मासोद में गायत्री मंदिर समिति द्वारा 5 कुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं संगीतमय श्रीमद् पवन प्रज्ञा पुराण कथा का शुभारंभ कलश यात्रा निकालकर किया गया। कथा शुभारंभ अवसर पर सुसज्जित पंडाल में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजा अर्चना संपन्न कराई गई। तीन दिवसीय 5 कुंडीय महायज्ञ के तहत सोमवार को कलश यात्रा व शोभायात्रा निकाली गई जो ग्राम के मुख्य मार्ग से होते हुए ग्राम भ्रमण करते हुए कार्यक्रम स्थल पर पहुंची जहां पर कलश यात्रा का ग्रामीणों द्वारा पुष्प वर्षा कर एवं कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं का तिलक लगाकर अभिनंदन किया गया। शाम 7 से 10 बजे तक संगीत मय प्रज्ञा पुराण कथा का आयोजन किया जाएगा। समिति के श्रीराम पटवारी ने बताया कि मंगलवार को देव पूजा महायज्ञ पुराण कथा एवं शाम में दीप यज्ञ किया जाएगा। बुधवार को पूर्णाहुति व विशाल भंडारे के साथ कार्यक्रम का समापन होगा। आयोजकों ने समस्त श्रद्धालुओं से धार्मिक अनुष्ठानों में उपस्थित होकर पुण्यार्जित करने का आग्रह किया है।

एक दिन के अंतराल से जलप्रदाय करने की मांग

मुलताई। नगरपालिका द्वारा नगर में चौथे दिन जलप्रदाय किया जा रहा है। नगर में जलप्रदाय का अंतराल कम कर एक दिन के अंतराल से जल प्रदाय करने की मांग को लेकर नगर पालिका परिषद के उपाध्यक्ष शिव माहोरे और विवेकानंद वार्ड की पार्षद अंजली सुमित शिवहरे ने सोमवार को मुख्य नगरपालिका अधिकारी वीरेंद्र तिवारी को ज्ञापन सौपा। सौपे गए ज्ञापन में बताया वर्तमान में नगरपालिका द्वारा दो दिन के अंतराल से पानी की आपूर्ति की जा रही है। इससे नागरिकों को पीने और दैनिक उपयोग के लिए पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा है। लंबे

अंतराल के कारण नगरवासियों को जल समस्या का सामना करना पड़ रहा है, खासकर गर्मी में पानी की आवश्यकता बढ़ जाती है। ज्ञापन में बताया कि हरदोली फिल्टर प्लांट के पास नपा द्वारा 2 लाख लीटर क्षमता वाले सम्पवेल का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। इस सम्पवेल के चालू होने से फिल्टर प्लांट की जल भंडारण क्षमता पर्याप्त हो गई है। इससे बिजली गुल होने पर भी पर्याप्त मात्रा में जल संग्रहित रहने से नगर में नियमित जलापूर्ति संभव हो सकेगी। जलप्रदाय का अंतराल घटाकर एक दिन के अंतराल से जल प्रदाय करने की मांग की है।

अनुभवात्मक शिक्षण का सजीव उदाहरण है मेगा छात्र प्रदर्शनी

सारनी। पीएलएस इंटरनेशनल स्कूल सुखाढाना में भव्य शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।जहाँ सीखना और रचनात्मकता एक साथ देखने को मिली। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के वंदना के साथ एवं उनके छायाचित्र पर पुष्प दीप अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर पीएलएस इंटरनेशनल स्कूल के प्राचार्य लोकेश सोनी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में रहकर भी विद्यार्थी बेहतर पढ़ाई करने के अलावा रचनात्मक और समाज को नई दिशा देने की सोच रखते हैं यहां शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक

प्रदर्शनी में दिखाई दे रहा है। उन्होंने स्कूल में एक हजार से अधिक कार्यशील एवं अकार्यशील मॉडलों का रिकॉर्ड प्रदर्शन होने पर विद्यार्थियों को बधाई दी है। प्रदर्शनी में सभी विषयों से संबंधित एक हजार से अधिक कार्यशील एवं अकार्यशील मॉडलों का रिकॉर्ड-तोड प्रदर्शन किया गया। ग्राम पंचायत सुखाढाना के इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल प्रांगण में प्रदर्शनी में हड़प्पा सभ्यता से लेकर चंद्रयान जैसे आधुनिक वैज्ञानिक उपलब्धियों तक के विषय शामिल किए गए थे। जिससे विदयार्थियों की नवाचार क्षमता,जिज्ञासा एवं विषयगत समझ स्पष्ट रूप से प्रदर्शित हुई। स्कूल प्रबंधक रीना राजा ने कहा कि यदि एकाग्र और संयम के साथ विद्यार्थी कार्य करें तो जटिल से जटिल कर को बड़े आसानी और खूबसूरती के साथ कर सकता है मॉडल बनाना कोई आसान काम नहीं है लेकिन उसकी खूबसूरती से प्रदर्शनी करना बहुत जटिल काम है। शिक्षक केशव गिरी ने कहा कि स्वामी विवेकानंद जी को अपना आदर्श मानकर जो विद्यार्थी उनके दिखाएं मार्ग पर चलेगा निश्चित तौर से उसके विचार समाज को एक नई सौगात देकर जाने का काम करेगी।

शुभारंभ हवन-पूजन के साथ शुरू हुआ बाबा मठारदेव का मेला

क्षेत्र के विकास में नहीं होगी कोई कमी : विधायक पंडाग्रे

सारनी। श्रीश्री 1008 बाबा मठारदेव के मेले का सोमवार 12 जनवरी को विधिवत शुभारंभ हो गया। आमला-सारनी विधायक डॉ. योगेश पंडाग्रे, भाजपा के जिलाध्यक्ष सुधाकर पवार, नगर पालिका अध्यक्ष किशोर बरदे, उपाध्यक्ष जगदीश पवार ने जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में हवन-पूजन, ध्वजारोहण एवं फीता काटकर मेले का शुभारंभ किया। मेला परिसर में सुबह 10 बजे से पूजन का कार्यक्रम प्रारंभ हो गया। अतिथियों ने मंच के समक्ष पूजन किया। हवन-पूजन एवं आरती के पश्चात बाबा मठारदेव के ध्वज का पूजन किया। इसके पश्चात बाबा मठादेर तलहटी मंदिर की प्रथम सीढ़ी पर

पूजन कर फीता काटकर मेले का शुभारंभ किया। विधायक डॉ. पंडाग्रे व अतिथियों ने मठारदेव बाबा का पूजन किया। इस अवसर पर एसडीएम प्रपंज आर (आई.ए.एस.), एसडीओपी प्रियंका करचाम, तहसीदार संध्या रावत, मुख्य नगर पालिका अधिकारी सी. के. मेश्राम, पार्षदगण छाया अतुलकर, भीम बहादुर थापा, दशरथसिंह जाट, मीना सिंह, ज्योति नागले, चंद्रा सोनेकर, संगीता धोटे, प्रवीण सोनी, भावना माकोड़े, हरिता पाल, योगेश बर्डे, गणेश महस्की, अजाबराव धोटे, कविता पटैया, बेबी बिंझाड़े, कमलेश सिंह, सुधा चंद्रा, गोलू राजपूत, दीपक सिनोटिया,रूपेंद्र चौहान, पं. संतोष शर्मा विक्रमपुर सरपंच यशोदा मर्सकोले, बाकुड़ सरपंच भैयालाल बैठे समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

क्षेत्र के विकास में नहीं होगी कमी : आमला सारनी विधायक डॉ. योगेश पंडाग्रे ने कहा कि बाबा मठारदेव की बड़ी महिमा है। उन्हीं की कृपा से हम सारनी का विकास कर पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सारनी के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। विधायक ने कहा कि प्लांट का कार्य जल्द शुरू होगा। साथ ही कोयला खदान भी अब प्रारंभ होने की स्थिति में है। सीमेंट फैक्ट्री व अन्य औद्योगिक इकाइयां भी जल्द प्रारंभ करेंगे। नगर पालिका के साथ मिलकर शहर का सर्वांगीण विकास किया जाएगा।

10 दिनों तक चलेगा मेला, चाक-चौबंद व्यवस्था

बाबा मठारदेव का मेला आगामी 10 दिनों तक यानी 22 जनवरी तक चलेगा। नगर पालिका परिषद सारनी ने इसके लिए चाक चौबंद व्यवस्था की है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं मेला अधिकारी सी.के. मेश्राम ने बताया कि मेले में पानी, लाइटिंग, टेंट समेत श्रद्धालुओं के लिए सभी व्यवस्थाएं पूर्ण कर ली गई है। पुलिस प्रशासन की मदद से सुरक्षा व्यवस्था की जा रही है। प्राइवेट गार्ड, सीसीटीवी कैमरे मेले में लगा दिए गए हैं। मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को कोई परेशानी ना हो इसका पूरा ध्यान रखा जा रहा है।

दुआ के साथ तीन दिवसीय इज्तेमा का समापन

मुलताई। नगर में नागपुर बैतूल राष्ट्रीय राज्यमार्ग के किनारे खरसाली में 45 एकड भूमि पर तीन दिवसीय इज्तेमा आयोजन नगर के मुस्लिम समुदाय के सदस्यों द्वारा किया गया था। जिसका समापन सोमवार को दुआ के साथ हुआ । समाज के लोगो द्वारा जानकारी देते हुए बताया कि नगर में दूसरी बार इज्तेमा का आयोजन किया गया था। जिसमें 32 जिलो की जमात एवं धर्मव्लम्बियो द्वारा शिरकत की गई। इज्तेमा शनिवार से प्रारंभ हुआ था,जिसमें दूर दूर से मुस्लिम समुदाय के लोग पहुचें थे। प्राप्त जानकारी के अनुसार महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ के लोगो द्वारा कार्यक्रम में शिरकत की गई थी। इज्तेमा प्रारंभ होने वाले दिवस एवं रविवार को नमाज एवं ब्यान हुए जिसमें निजामुददीन से पहुचें

उलेमाओ इज्तेमा में शिरकत करने वाले लोगो को समाज के बारे बताया । सुबह 7 बजे से 10 बजे तक एवं दोपहर में 2 बजे साढे 3 बजे तथा शाम 6 बजे से 8 बजे तक उलेमाओं द्वारा समुदाय के बारे एवं इंनसानियत के बारे में बताया गया। इज्तेमा के आयोजन के लिए नगर के कई युवाओं द्वारा गत 2 माह से आयोजन स्थल पर तैयारिया की जा रही थी। जिसमें लगभग 45 एकड का रकबा समतल किया गया था। वही नगर के धार्मिक लोगो द्वारा कार्यक्रम में आने वाले समाज के लोगो के लिए 1 लीटर की बोतल 5 रूपए में उपलब्ध कराई जा रही थी। वही आने वाले श्रद्वालुओं को 50 रूपए में भरपेट खाना खिलाया जा रहा था। कार्यक्रम स्थल पर रूकने वाले श्रद्वालुओं के लिए गर्म पानी, स्वच्छ पीने का पानी सहित अन्य व्यवस्था बनाई गई।